समाचार

नगरीय निकायों के महापौरों ने की मुख्यमंत्री से भेंट

(राजस्व मंत्री एवं नगरीय प्रशासन मंत्री रहे उपस्थित)

(ऐतिहासिक बजट पेश करने पर दी बधाई, नगरीय निकायों से संबंधित विकास व अन्य विषयों पर हुई चर्चा)

कोरबा 09 मार्च 2022 – छत्तीसगढ़ विधानसभा भवन में आज प्रदेश के नगर निगमों के 13 महापौरों ने मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल से भेंट की, उन्होने मुख्यमंत्री श्री बघेल द्वारा प्रस्तुत किए गए छत्तीसगढ़ के ऐतिहासिक बजट के लिए बधाई दी तथा महापौर व पार्षद, एल्डरमेननिधि बढ़ाए जाने सहित नगरीय क्षेत्रों के विकास पर चर्चा की। इस मौके पर प्रदेश के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल एवं नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ.शिवकुमार डहरिया विशिष्ट रूप से उपस्थित थे।

कोरबा महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने बताया कि आज प्रदेश के 13 नगर निगमों के महापौर राजधानी रायपुर पहुंचकर छत्तीसगढ़ विधानसभा भवन में प्रदेश के मुखिया मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल से भेंट की। आज मुख्यमंत्री श्री बघेल ने बतौर वित्त मंत्री की हैसियत से छत्तीसगढ़ का बजट विधानसभा में पेश किया गया है, इस ऐतिहासिक बजट के लिए नगर निगमों के सभी महापौरों ने मुख्यमंत्री श्री बघेल को बधाई दी एवं जनकल्याणकारी बजट के लिए उनके प्रति आभार व्यक्त किया। महापौर श्री प्रसाद ने बताया कि मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के साथ महापौरों की हुई इस बैठक में नगरीय निकायों की विभिन्न मांगों एवं नगरीय क्षेत्रों के विकास पर विस्तार से चर्चा हुई। उन्होने बताया कि महापौरों द्वारा महापौरनिधि, पार्षदनिधि व एल्डरमेननिधि एवं उनके मानदेय को बढ़ाए जाने का अनुरोध मुख्यमंत्री श्री बघेल से किया, इसके साथ ही नगर निगम क्षेत्रों के विकास कार्यो पर चर्चा करते हुए इस संबंध में विभिन्न प्रस्ताव मुख्यमंत्री श्री बघेल के समक्ष प्रस्तुत किए, जिस पर मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल व नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ.शिवकुमार डहरिया ने महापौरों को आश्वस्त करते हुए कहा कि आप सबके द्वारा दिए गए प्रस्ताव व सुझावों पर गंभीरता से विचार किया जाएगा तथा अप्रैल माह में नगरीय निकायों का सम्मेलन कर सुझावों व प्रस्तावों पर विस्तार से चर्चा होगी तथा इन पर अधिकारिक रूप से घोषणा की जाएगी। महापौर श्री प्रसाद ने बताया कि पूर्व में महापौरों

की बैठक मुख्यमंत्री निवास पर आयोजित थी किन्तु मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल को शाम 05 बजे उत्तराखंड़ के लिए रवाना होना था, अतः इस कारण से यह बैठक विधानसभा भवन स्थित मुख्यमंत्री कक्ष में आयोजित हुई।

कोरबा में सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट हेतु बजट में प्रावधान – महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने बताया कि मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने इस दौरान यह अवगत कराया है कि कोरबा में सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के लिए बजट में प्रावधान कर दिया गया है। महापौर ने बताया कि इस मौके पर राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल एवं मेरे द्वारा मुख्यमंत्री जी से आग्रह कियागया कि उनके द्वारा कोरबा में वार्डो के विकास हेतु 20 करोड़ रू. की घोषणा की गई थी, जिसमें से कुछ राशि भी प्राप्त हो चुकी है, अतः शेष राशि भी प्रदान करने की कृपा करेंगे ताकि विकास कार्यो को और अधिक गति दी जा सके।

विधानसभा अध्यक्ष से सौजन्य भेंट– महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने बताया कि 13 नगर निगमों के महापौरों ने विधानसभा भवन में स्थित स्पीकर कक्ष में विधानसभा अध्यक्ष डॉ.चरणदास महंत से भी सौजन्य भेंट की, नगर निगम क्षेत्रों के विकास पर चर्चा की तथा नगरीय निकाय क्षेत्रों के विकास हेतु उनके निरंतर मार्गदर्शन का अनुरोध किया।